**सैनिक स्कूल** रीवा का 62वां स्थापना दिवस समारोह

# पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा के 62वें स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण व पद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। मुय अतिथि प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल थे। विद्यालय के मानेकशा सभागार में पद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुय अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद परेड ग्राउंड पर मुय अतिथि ने ध्वजारोहण किया व कैडेट्स द्वारा सलामी दी गई। इस अवसर पर सिल्वर जुबली (18) बैच के पुरा छात्रों का स्वागत किया गया। प्राचार्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कियां। उसके बाद कैडेट्स द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। गोरखा रेजीमेंट सेंटर वाराणसी द्वारा दी गयी प्रस्तुति अत्यंत अद्भुत व रोमांचक थी। तत्पश्चात विगत वर्ष परीक्षा में उच्चतम अंकों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों व विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऐकडेमिक, स्पोर्ट्स, एनडीए में प्रवेश इत्यादि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदन को समानित किया गया। ओवरआल चैंपियन ,बेतवा सदन रहा। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



**शिक्षकों व कर्मचारियों का समान:** इस दौरान कोटशन बुक का विमोचन और सेवानिवृत शिक्षकों को समानित किया गया। तदुपरांत 18 बैच के पुरा छात्रों ने शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों को समानित किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में नवनिर्मित इंडोर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। शाम को फुटवाल मैच व आम पार्टी हुई।

## विद्यालय के प्रमुख पदाधिकारी

**विद्यालय कप्तान** - कैडेट विक्की मिश्रा

**विद्यालय उपकप्तान** - कैडेट अमन भट्ट

**विद्यालय एड्ज्यूडेन्ट** - कैडेट श्रेयांश पाण्डेय


**विद्यालय खेलकूद कप्तान** - कैडेट आदित्य सिंह

**विद्यालय मेस कप्तान** - कैडेट अभिजीत मिश्रा

# सैनिक स्कूल का 62 वां स्थापना दिवस: रक्षा सेवा में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया

## वार्षिकोत्सव व पद अलंकरण समारोह सम्पन्न





जागरण, रीवा। विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल रीवा के 62 वें स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह व पद अलंकरण समारोह 19 व 20 जुलाई को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा थे। 19 जुलाई को अपरान्ह 12:15 बजे विद्यालय के मानेकशा सभागार में पद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का उचित रूप से पालन करने के लिए शपथ दिलवाई। जिसमें विद्यालय कप्तान-कैडेट विक्की मिश्रा, उपकप्तान-कैडेट अमन भट्ट, एड्ज्यूडेन्ट-कैडेट श्रेयांश पाण्डेय, खेलकूद कप्तान-कैडेट आदित्य सिंह, मेस कप्तान-कैडेट अभिजीत मिश्रा शामिल रहे। 20 जुलाई को सैनिक स्कूल रीवा का 62 वाँ स्थापना दिवस, वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। प्रातः 08:30 बजे विद्यालय के परेड ग्राउंड पर मुख्य अतिथि ने ध्वज़ारोहण किया व कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरिक्षण किया। मानेकशॉ सभागार में प्रातः 10 बजे विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कैडेट द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर व स्वागत गान के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

इसी क्रम में इस अवसर पर आये हुए सिल्वर जुबली बैच ;1998 बैच के पुरा छात्रों का भी स्वागत किया गया। तदुपरांत प्राचार्य ने सभी के समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने सभी को विद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों व वर्तमान तथा भविष्य की परियोज़नाओं से अवगत करवाया। उसके बाद कैडेट्स द्वारा मनोरंजक सांस्कृतिक कायक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें 39 गोरखा रेजीमेंट सेंटर, वाराणसी द्वारा दी गयी प्रस्तुति अत्यंत अद्भुत व रोमांचक थी। तत्पश्चात विगत वर्ष परीक्षा में उच्चतम अंकों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों व विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऐकडेमिक, स्पोर्ट्स, एन डी ए में प्रवेश इत्यादि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदन को सम्मानित किया गया। ओवरआल चैंपियन बेतवा सदन रहा। इसी क्रम में कोटशन बुक का विमोचन किया गया तथा इंग्लिश बास्केट सॉफ्टवेयर व यू पी एस सी सॉफ्टवेयर 2.0 का डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। मुख्य अतिथि ने आये हुए सभी सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें रक्षा सेवा में भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित किया। उन्होंने सभी नए विद्यालय पदाधिकारियों से अपने पद की गरिमा बनायें रखने के लिए आह्वान किया। उसके बाद 1998 बैच के प्रतिनिधि ग्रुप कैप्टेन तन्मय खरे द्वारा आये हुए 1998 बैच के छात्रों की प्रोफाइल की प्रस्तुति दी गयी जिसे देखकर सभी पुरा छात्र अपनें पुराने स्कूली जीवन को याद कर अत्यंत भावुक हुए। तदुपरांत टाइम मशीन 3.0 की विशेष प्रस्तुति दी गयी। तदुपरांत 1998 बैच के पुरा छात्रों ने शिक्षकों प्रशासनिक कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में नवनिर्मित इंडोर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। अन्त में उपप्राचार्य द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्रगान के साथ विशेष सभा की समाप्ति हुई। विदित हो कि सैनिक स्कूल रीवा के इतिहास में 1998 बैच से अभी तक अधिकतम छात्रों का चयन एन डी ए में हुआ है। सायं 04 बजे परम्परानुसार पुरा छात्रों व वर्तमान छात्रों के बींच फुटबॉल मैच खेला गया। साथ ही विशाल आम पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने भरपूर आनन्द उठाया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल, मैडम नेहा रावल, ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, वरिष्ठ अध्यापक डॉ आर एस पाण्डे, सेवानिवृत शिक्षक, पुरा छात्र, अतिथिगण, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# कैडेट्स ने दी रंगारंग प्रस्तुति

सिटी रिपोर्टर. रीवा। सैनिक स्कूल के 62वें स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव के साथ ही पद अंलकरण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के कैप्टन विक्की मिश्रा, वाइस कैप्टन अमन भट्ट सहित श्रेयांश पाण्डेय, आदित्य सिंह एवं अभिजीत मिश्रा को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सिल्वर जुबली बैच 1998 के पुरा छात्रों का वेलकम किया गया। इस अवसर पर कैड्टस द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। 39 गोरखा रेजीमेन्ट सेंटर वाराणसी की प्रस्तुति रोमांचक रही।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों सहित अन्य विधाओं के लिए भी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। ओवरऑल चेम्पियन बेतवा सदन रहा।

# खेल से आपसी प्रेम व देश के भविष्य का निर्माणः मिश्रा



स्टार समाचार | रीवा

● चार दिवसीय आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का समापन

विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल में विगत 4 दिनों से चल रहे आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स - 2023 का समापन समारोह शनिवार को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनार्दन मिश्र, सांसद, रीवा थे।

कल्चरल फेस्ट में सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अत्यंत मनोरंजक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सैनिक स्कूल रीवा विजयी रहा। शनिवार को अंतिम बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया। मुख्य अतिथि का आगमन सायं 4 बजे हुआ। सर्वप्रथम स्वागत गान व पुष्प गुच्छ द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कैडेट ने मुख्य अतिथि का संछिप्त परिचय दिया। तदुपरांत मुख्य अतिथि श्री मिश्रा नें विजेता स्कूल के कैडेट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही प्रतियोगिता के सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में विजेता टीम को शुभकामनायें दी तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा दिखाई गयी खेल भावना को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा यह सन्देश दिया कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं से प्रतिभागियों के स्वयं का ही नहीं वरन देश के भविष्य का भी निर्माण होता है। अंत में मुख्य अतिथि ने आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स - 2023 के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, नेहा रावल, ले कर्नल एपी एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, आरएस पाण्डेय समस्त शिक्षक कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

## आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का हुआ समापन---



# चैम्पियनशिप में सैनिक स्कूल रीवा रही विजेता और चित्तौड़गढ़ उपविजेता

रीवा, (नव स्वदेश)।

सैनिक स्कूल रीवा में विगत 4 दिनों से चल रहे आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स -2023 का समापन समारोह 15 जुलाई 2023 को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रीवा जनार्दन मिश्र रहे।

14 जुलाई को सायं 7 बजे आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अत्यंत मनोरंजक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सैनिक स्कूल रीवा विजयी रहा। 15 जुलाई 2023 को प्रातः 8 बजे हुए अंतिम बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया। मुख्य अतिथि ने विजेता स्कूल के कैडेट्स को पुरष्कृत किया। साथ ही प्रतियोगिता के सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में विजेता टीम को शुभकामनायें देते हुये कहा कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं से प्रतिभागियों के स्वयं का ही नहीं वरन देश के भविष्य का भी निर्माण होता है। अंत में मुख्य अतिथि ने आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स - 2023 के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य , सैनिक स्कूल रीवा, मैडम नेहा रावल , ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी , स्क्काड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार , वरिष्ठ अध्यापक आर एस पाण्डेय , समस्त शिक्षक , कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

## मैनपुरी को मिला सर्वश्रेष्ठ खेल भावना पुरूस्कार

सैनिक स्कूल में विगत 4 दिनों से जारी आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-2023 के वैयक्तिक परिणाम पर नजर डाले तो सर्वश्रेष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी कैडेटअस्मित सिंह ( सैनिक स्कूल रीवा ), सर्वश्रेष्ठ वॉलीबाल खिलाड़ी कैडेट देवेश कुमार ( सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ), सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी कैडेट प्रशांत सिंह (सैनिक स्कूल रीवा), बेस्ट मास्टर ऑफ सेरेमनी कैडेट तरुशी चौधरी ( सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ )। ओवरआल चौंपियनशिप में विजेता सैनिक स्कूल रीवा ,उपविजेता-सैनिक स्कूल चित्तौगढ़ एवं सर्वश्रेष्ठ खेलभावना पुरष्कार - सैनिक स्कूल मैनपुरी को मिला।

#sainikschoolrewa: ऑल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का समापन

# सैनिक स्कूल रीवा ने लहराया जीत का परचम

पत्रिका p u रिपोर्टर
patrika.com



रीवा. सैनिक स्कूल रीवा में विगत चार दिनों से चल रहे ऑल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स 2023 का समापन शनिवार को समारोहपूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र रहे। आयोजित कल्चरल फेस्ट में सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कल्चरल फेस्ट में सैनिक स्कूल रीवा व अंतिम बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ विजेता रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विजेता स्कूल के कैडेट्स को और सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों की खेल भावना को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा यह सन्देश दिया कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं से प्रतिभागियों के स्वयं का ही नहीं वरन देश के भविष्य का भी निर्माण होता है। अंत में मुख्य अतिथि ने आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स 2023 के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, मैडम नेहा रावल, प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल एपीएस भुल्लर, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, वरिष्ठ अध्यापक आरएस पाण्डेय सहित शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

## ऐसे रहे गेम्स के रिजल्ट

■ **सर्वश्रेष्ठ बास्केटबाल खिलाड़ी:** कैडेट अस्मित सिंह (सैनिक स्कूल रीवा)। **सर्वश्रेष्ठ वालीबाल खिलाड़ी:** कैडेट देवेश कुमार (चित्तौरगढ़)। **सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी:** कैडेट प्रशांत सिंह (सैनिक स्कूल रीवा)। **बेस्ट मास्टर ऑफ सेरेमनी:** कैडेट तरुशी चौधरी (चित्तौरगढ़)

**ओवरआल चैम्पियन**
बिजेता सैनिक स्कूल रीवा,
उपविजेता सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़,
सर्वश्रेष्ठ खेल भावना पुरस्कार
सैनिक स्कूल मैनपुरी

# सैनिक स्कूल रीवा के नाम रही ओवरआल चैंपियनशिप



## आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का समापन

जागरण, रीवा। सैनिक स्कूल में विगत 4 दिनों से चल रहे आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का समापन समारोह अपरान्ह 4 बजे से आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनार्दन मिश्र सांसद रीवा रहे। गत 14 जुलाई को सायं 7 बजे आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अत्यंत मनोरंजक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सैनिक स्कूल रीवा विजयी रहा। 15 जुलाई को प्रातः 8 बजे हुए अंतिम बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात कैडेट ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने विजेता स्कूल के कैडेट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही प्रतियोगिता के सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया।

वैयक्तिक परिणाम- सर्वश्रेष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी- कैडेटअस्मित सिंह (सैनिक स्कूल रीवा), सर्वश्रेष्ठ वालीबॉल खिलाड़ी- कैडेट देवेश कुमार (सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ), सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी- कैडेट प्रशांत सिंह (सैनिक स्कूल रीवा), बेस्ट मास्टर ऑफ सेरेमनी- कैडेट तरुशी चौधरी (सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ), ओवरआल चौंपियनशिप विजेता- सैनिक स्कूल रीवा, उपविजेता- सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, सर्वश्रेष्ठ खेलभावना पुरस्कार- सैनिक स्कूल मैनपुरी को घोषित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में विजेता टीम को शुभकामनायें दीं तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा दिखाई गयी खेल भावना को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा यह सन्देश दिया कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं से प्रतिभागियों के स्वयं का ही नहीं वरन देश के भविष्य का भी निर्माण होता है। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, मैडम नेहा रावल , ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी , स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार , वरिष्ठ अध्यापक आर एस पाण्डेय , समस्त शिक्षक , कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# नेशनल गेम्स में सैनिक स्कूल रीवा बना चैम्पियन



विजयी टीम को पुरस्कार प्रदान करते हुए री[illegible]सद जनार्दन [illegible]

**रीवा, 15 जुलाई, सैनिक स्कूल रीवा में विगत 4 दिनों से चल रहे आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-का समापन समारोह शनिवार को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित किया गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनार्दन मिश्र सांसद रीवा थे.**

14 जुलाई को सायं 7 बजे आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अत्यंत मनोरंजक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया. आयोजित हुए कल्चरल फेस्ट में सैनिक स्कूल रीवा विजयी रहा. 15 जुलाई को प्रात: 8 बजे हुए अंतिम बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया. मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया. तत्पश्चात कैडेट ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया. तदुपरांत मुख्य अतिथि ने विजेता स्कूल के कैडेट्स को पुरस्कृत किया. साथ ही प्रतियोगिता के सभी रेफरी को भी सम्मानित किया गया. आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-2023 में सर्वश्रेष्ठ बास्केट बॉल खिलाड़ी कैडेट अस्मित सिंह सैनिक स्कूल रीवा, सर्वश्रेष्ठ वॉलीबाल खिलाड़ी कैडेट देवेश कुमार सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़, सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी कैडेट प्रशांत सिंह सैनिक स्कूल रीवा, बेस्ट मास्टर ऑफ सेरेमनी कैडेट तरुशी चौधरी सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ रहे. ओवर आल चौंपियनशिप विजेता सैनिक स्कूल रीवा एवं उपविजेता सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ रहा. सर्वश्रेष्ठ खेल भावना पुरस्कार-सैनिक स्कूल मैनपुरी को मिला. मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में विजेता टीम को शुभकामनायें दी तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा दिखाई गयी खेल भावना को प्रोत्साहित किया. उन्होंने सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा यह सन्देश दिया कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं से प्रतिभागियों के स्वयं का ही नहीं वरन देश के भविष्य का भी निर्माण होता है. इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्रांचार्य सैनिक स्कूल रीवा, मैडम नेहारा वल, लेकर्नल ए पी एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, वरिष्ठ अध्यापक आर एस पाण्डेय, समस्त शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे.

# वालीबॉल और बास्केटबॉल में सैनिक स्कूल रीवा रहा विजेता

## आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का दूसरा दिन



रीवा। सैनिक स्कूल रीवा में आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-2023 का आयोजन 12 से 15 जुलाई तक किया जा रहा है। आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से हॉकी , बास्केटबॉल, वालीबॉल , एथलेटिक इत्यादि हैं। इसके अतिरिक्त वाद- विवाद व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। 12 जुलाई को सायं 6 बजे आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल अमेठी विजेता व सैनिक स्कूल रीवा उप विजेता रहा। 13 जुलाई को प्रातः 7 बजे एथलेटिक प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका परिणाम इस प्रकार रहा- 400 मीटर (छात्र वर्ग) विजेता- सैनिक स्कूल अमेठी, लॉन्ग जम्प (छात्र वर्ग) विजेता- सैनिक स्कूल अमेठी, 100 मीटर (छात्र वर्ग) विजेता- सैनिक स्कूल मैनपुरी, लॉन्ग जम्प (छात्रा वर्ग ) विजेता- सैनिक स्कूल रीवा, 400 मीटर (छात्रा वर्ग) विजेता- सैनिक स्कूल मैनपुरी घोषित हुए। इसके अतिरिक्त 13 जुलाई को प्रातः 6 बजे आयोजित हुई बास्केटबॉल व वालीबॉल प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल रीवा ने क्रमशः सैनिक स्कूल अमेठी व सैनिक स्कूल मैनपुरी को पराजित किया। शाम को हुए हॉकी मैच व बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल रीवा ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ को पराजित किया। वालीबॉल प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल मैनपुरी ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया।

# प्रश्नोत्तरी में अमेठी, खेल में रीवा का रहा दबदबा



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा में आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स 2023 का आयोजन किया जा रहा। खेल प्रतियोगिताएं 15 जुलाई तक चलेंगी। प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल के क्षेत्रीय ग्रुप की पांच टीमें हिस्सा ले रही हैं। खेल के दूसरे दिन बास्केटबाल, वालीबाल व हॉकी में मेजबान रीवा का दबदबा रहा। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर दूसरे दिन के खेलों का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल अमेठी विजेता व सैनिक स्कूल रीवा उपविजेता रहा। बास्केटबाल व वालीबाल में सैनिक स्कूल रीवा ने क्रमशः सैनिक स्कूल अमेठी व सैनिक स्कूल मैनपुरी को पराजित किया। शाम को हुए हॉकी मैच व दूसरे बास्केटवाल मैच में सैनिक स्कूल रीवा ने सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ को मात दी। वालीबाल के दूसरे मैच में सैनिक स्कूल मैनपुरी ने सैनिक स्कूल अमेठी को पराजित किया।


## एथलेटिक प्रतियोगिता के रिजल्ट

- 400 मीटर (छात्र वर्ग) विजेता सैनिक स्कूल अमेठी
- लांग जम्प (छात्र वर्ग) विजेता सैनिक स्कूल अमेठी
- 100 मीटर (छात्र वर्ग) विजेता सैनिक स्कूल मैनपुरी
- लांग जम्प (छात्रा वर्ग) विजेता सैनिक स्कूल रीवा
- 400 मीटर (छात्रा वर्ग) विजेता सैनिक स्कूल मैनपुरी

## पांच टीमें ले रहीं हिस्सा

नेशनल गेम्स में मेजबान सहित सैनिक स्कूल की कुल पांच टीमें भाग ले रही हैं। इसमें सैनिक स्कूल रीवा, सैनिक स्कूल मैनपुरी, सैनिक स्कूल अमेठी, सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर शामिल हैं। ये सभी एक ग्रुप की टीमें हैं।

**इन प्रतियोगिताओं का आयोजन:** आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से हॉकी, बास्केटबाल, वालीबाल, एथलेटिक्स, वाद- विवाद व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।



सैनिक स्कूल में आल इंडिया गेम्स के शुभारंभ पर मौजूद खिलाड़ी

# सैनिक स्कूल में शुरू हुआ आल इंडिया नेशनल गेम्स

**रीवा, 12 जुलाई, आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-2023 का उद्घाटन समारोह सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड पर डॉ आर के आचार्य, कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय, रीवा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया.**

कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा, स्क्वॉड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, लेकर्नल ए पी एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ आर एस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे. इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन बी एस फिलोरा व मैडम नेहा रावल उपस्थित रही. सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ व स्वागत गान के द्वारा उनका स्वागत किया गया. तदुपरांत सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी व प्रतियोगिता में उचित खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए शपथ ग्रहण की. तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया. अंत में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में खेल को जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया व कहा की खेल में हार या जीत नहीं होती. खेल प्रतीकात्मक होता है. उन्होंने सैनिक स्कूल के छात्रों की प्रसंशा करते हुए उन्हें अनुशासित व देश प्रेम के प्रति समर्पित बताया. प्रतियोगिता का प्रथम वॉलीबाल मैच सैनिक स्कूलअमेठी व सैनिक स्कूल रीवा के बीच हुआ. जिसमें सैनिक स्कूल रीवा 2 -0 से विजयी रहा. इसके अतिरिक्त प्रथम बास्केटबॉल मैच सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी के बीच खेला गया.

# खेल जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण, इसमें हार और जीत नहीं: कुलपति

स्टार समाचार | रीवा



सैनिक स्कूल में आल इंडिया नेशनल गेम्स का उद्घाटन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजकुमार आचार्य ने किया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य, सैनिक स्कूल स्क्वॉड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, ले कर्नल एपीएस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी, डॉ. आरएस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, गणमान्य अतिथिगण व छात्र उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन बीएस फिलोरा व मैडम नेहा रावल उपस्थित रही।

कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ व स्वागत गान के द्वारा उनका स्वागत किया गया। उसके बाद सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी व प्रतियोगिता में उचित खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। अंत में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने खेल को जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया व कहा की खेल में हार या जीत नहीं होती। खेल प्रतीकात्मक होता है। उन्होंने सैनिक स्कूल के छात्रों की प्रसंशा करते हुए उन्हें अनुशासित व देश प्रेम के प्रति समर्पित बताया। इसी श्रृंखला में प्रतियोगिता का प्रथम वॉलीबाल मैच सैनिक स्कूल अमेठी व सैनिक स्कूल रीवा के बीच हुआ। जिसमें सैनिक स्कूल रीवा 2 - 0 से विजयी रहा। इसके अतिरिक्त प्रथम बास्केटबॉल मैच सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी के बीच खेला गया जिसमें सैनिक स्कूल मैनपुरी विजयी रहा।

टूर्नामेंट

ऑल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का उद्घाटन

# खेल जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण, हार व जीत नहीं होती : अविनाश

पत्रिका स्पोर्ट्स कॉर्नर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रीवा.** आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स 2023 का उद्घाटन समारोह सैनिक स्कूल के परेड ग्राउंड में बुधवार को डॉ. आरके आचार्य कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विवि के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि ग्रुप कैप्टन बीएस फिलोरी, मैडम नेहा रावल रहीं। विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी व प्रतियोगिता में खेलभावना के साथ भाग लेने के लिए शपथ ग्रहण की। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने खेल को जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कहा कि खेल में हार या जीत नहीं होती। खेल प्रतीकात्मक होता है।

उन्होंने सैनिक स्कूल के छात्रों की प्रसंशा करते हुए अनुशासित व देशप्रेम के प्रति समर्पित बताया। इस अवसर पर स्क्वॉड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, ले. कर्नल एपीएस भुल्लर, डॉ. आरएस पाण्डेय, शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।



## वालीबाल में रीवा विजेता

उद्घाटन वालीबाल मैच सैनिक स्कूल अमेठी व सैनिक स्कूल रीवा के बीच हुआ। इसमें सैनिक स्कूल रीवा 2 -0 से विजयी रहा। इसके अतिरिक्त बास्केटबॉल मैच सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी के बीच खेला गया। इसमें सैनिक स्कूल मैनपुरी विजयी रहा।

# आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का उद्घाटन



जागरण, रीवा। आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का उद्घाटन समारोह प्रातः 9 बजे से सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड पर डॉ आर के आचार्य कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य ,सैनिक स्कूल रीवा , स्क्वॉड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार , ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी , डॉ आर एस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक , समस्त शिक्षकगण , कर्मचारी , गणमान्य अतिथिगण व छात्र उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन बी एस फिलोरा व मैडम नेहा रावल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि का आगमन प्रातः 9 बजे हुआ। सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ व स्वागत गान के द्वारा उनका स्वागत किया गया। तदुपरांत सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी व प्रतियोगिता में उचित खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। अंत में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में खेल को जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया व कहा की खेल में हार या जीत नहीं होती। खेल प्रतीकात्मक होता है। उन्होंने सैनिक स्कूल के छात्रों की प्रसंशा करते हुए उन्हें अनुशासित व देशप्रेम के प्रति समर्पित बताया। इसी श्रृंखला में प्रतियोगिता का प्रथम वलीबॉल मैच सैनिक स्कूल अमेठी व सैनिक स्कूल रीवा के बीच हुआ जिसमें सैनिक स्कूल रीवा 2–0 से विजयी रहा। इसके अतिरिक्त प्रथम बास्केटबॉल मैच सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी के बीच खेला गया जिसमें सैनिक स्कूल मैनपुरी विजयी रहा।

# आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन आज से



जागरण, रीवा। सैनिक स्कूल में आल इंडिया सैनिक स्कूल नशनल गेम्स - उचय2023 का आयोजन 12 से 15 जुलाई तक किया जाएगा। नेशनल गेम्स में मेज़बान सैनिक स्कूल रीवा सहित सैनिक स्कूल मैनपुरी , सैनिक स्कूल अमेठी , सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर के प्रतिभागी टीमें शामिल होंगी। आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से हॉकी , बास्केटबॉल, वालीबॉल , एथलेटिक इत्यादि हैं। इसके अतिरिक्त वाद-विवाद व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। सभी टीमों के प्रतिभागी सैनिक स्कूल रीवा में पहुंच चुके हैं। आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स का उद्घाटन समारोह आज 12 जुलाई को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जायेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ आर के आचार्य कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रहेंगे। उद्घाटन समारोह में सभी पुरा छात्र , सेवानिवृत शिक्षक व कर्मचारी आमंत्रित हैं।

# सैनिक स्कूल में आल इंडिया नेशनल गेम्स आज से

रीवा। राज्य के शिरोमणि सैनिक स्कूल रीवा में आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स - 2023 का आयोजन 12 जुलाई से 15 जुलाई तक किया जा रहा है। नेशनल



गेम्स में मेजबान सहित सैनिक स्कूल की कुल 5 टीमें भाग लेंगी जो कि इस प्रकार हैं - सैनिक स्कूल रीवा , सैनिक स्कूल मैनपुरी , सैनिक स्कूल अमेठी , सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर।आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से हॉकी , बास्केटबाल, वॉलीबाल, एथलेटिक इत्यादि हैं। इसके अतिरिक्त वाद - विवाद व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। सभी टीमों के प्रतिभागी 11 जुलाई को सैनिक स्कूल में पहुंच चुकी हैं। आल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स-2023 का उद्घाटन समारोह 12 जुलाई को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जायेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आरके आचार्य , कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय होंगे।

# सैनिक स्कूल में मेजर जनरल अतुल रावत का हुआ व्याख्यान



रीवा, (नव स्वदेश)।

विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल रीवा के मानेकशॉ सभागार में 3 जुलाई 2023 को प्रातः 7.30 बजे मेजर जनरल अतुल रावत, एवीएसएम, चीफ ऑफ़ स्टाफ, हेडक्वॉर्टर 9 कॉर्प्स नें सभी कैडेट्स को मोटिवेट करने के लिए प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस प्रेरक व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम गर्ल कैडेट प्रचेता कात्यायनी ने मेजर जनरल अतुल रावत एवीएसएम का संक्षिप्त परिचय दिया। मेजर जनरल अतुल रावत ने सैनिक स्कूल रीवा को रक्षा मंत्री ट्रॉफी प्राप्त करने के लिए बधाई दी। व्याख्यान के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स को रक्षा सेवा में जानें प्रेरित करना था। इस दौरान सभी कैडेट्स उत्साहित व रोमांचित दिखे। मेजर जनरल श्री रावत ने अपने व्याख्यान में एनडीए में सफल होनें के लिए कई मूल मन्त्र दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी कैडेट्स को बोर्डिंग स्कूल में अध्ययन करने के लाभ बताये व सभी को हॉबी सीखनें, फिजिकल फिटनेस व स्पोर्ट्स खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कई महापुरुषों का उदाहरण देते हुये कैडेट्स से शिक्षकों का सम्मान करने के लिए आह्वान किया। व्याख्यान के अंत में कैडेट्स नें भी मेजर जनरल से डिफेंस कैरियर से सम्बंधित कई प्रश्न पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का उत्तर प्राप्त किया। अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल,प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा,ले कर्नल ए पी एस भुल्लर,प्रशासनिक अधिकारी ,स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार,उपप्राचार्य, वरिष्ठ अध्यापक,समस्त शिक्षकगण व छात्र उपस्थित रहे।



# मेजर जनरल ने एनडीए में सफल होने का छात्रों को दिया मूलमंत्र

स्टार समाचार | रीवा

विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल के मानेकशॉ सभागार में सोमवार को प्रातः7.30 बजे मेजर जनरल अतुल रावत, ए वी एस एम, चीफ ऑफ स्टाफ, हेडक्वॉर्टर 9 कॉर्प्स ने सभी कैडेट्स कोमोटिवेट करने के लिए प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस प्रेरक व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से कियागया।

सर्वप्रथम गर्ल कैडेट प्रचेता कात्यायनी ने मेजर जनरल अतुल रावत, एवीएसएम का संछिप्त परिचय दिया। मेजर जनरल अतुल रावत, एवीएसएम ने सैनिक स्कूल रीवा को रक्षामंत्री ट्रॉफी प्राप्त करने के लिए बधाई दी। व्याख्यान के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स को रक्षा सेवा में जाने प्रेरित करना था। इस दौरान सभी कैडेट्स उत्साहित व रोमांचित दिखे। मेजर जनरल अतुल रावत, एवीएसएम ने अपने व्याख्यान में एनडीए में सफल होने के लिए कई मूलमन्त्र दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी कैडेट्स को बोर्डिंग स्कूल में अध्ययन करने के लाभ बताये व सभी को हॉबी सीखनें , फिजिकल फिटनेस व स्पोर्ट्स खेलने के लिए प्रेरित किया। मेजर जनरल अतुल रावत, ए वी एस एम ने कई महापुरुषों का भी उदाहरण दिया तथा कैडेट्स से शिक्षकों का सम्मान करने के लिए आह्वान किया।

व्याख्यान के अंत में कैडेट्स ने भी मेजर जनरल अतुल रावत, ए वी एस एम सेडिफेंस कैरियर से सम्बंधित कई प्रश्न पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का उत्तर प्राप्त किया। अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, ले कर्नल एपीएस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल के पुरा छात्रों को वीरगति प्राप्त होने पर दी श्रंद्धाजलि



रीवा। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सैनिक स्कूल के पुरा छात्र सीडीएस विपिन रावत के हेलीकाप्टर दुर्घटना में वीरगति प्राप्त होने, कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पूरे परिवार को मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा हत्या करने पर श्रंद्धाजलि दी एवं विजय स्तम्भ में पुष्पचक्र अर्पित किया। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि सैनिक स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को रक्षा सेवा में भर्ती किया जाता है। यहां के पुरा छात्रों द्वारा तीनों सेनाओं में अदम्य साहस और शौर्य के साथ युद्ध करने पर राष्ट्रपति पदक और अनेक पदक प्रदान किये गये। प्राचार्य कर्नल अविनाश ने सैनिक स्कूल में अधोसंरचना मद से चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी दी। सैनिक स्कूल प्रांगण में हॉकी के लिए एस्टोटर्फ फील्ड का निर्माण, सैन्थेटिक, एथलेटिक ट्रैक का निर्माण, स्वीमिंग पुल का निर्माण, सोनल पैनल का स्थापना, तीन 80 बेड के छात्रावास, पुरानी विद्युत लाइनों की जगह केबिल लाइन का निर्माण एवं महाराष्ट्र के सतारा चन्द्रपुर में निर्मित आधुनिक सैनिक स्कूल की तर्ज पर रीवा सैनिक स्कूल के निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेन्द्र शुक्ल, जिला शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद उपाध्याय, सुदामा गुप्ता सहित जिला अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सैनिक स्कूल में शिक्षा मंत्री का स्वागत



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा में शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का स्वागत किया गया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रिय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। साथ ही देश के सैनिकों व उनके परिवार वालों के त्याग व बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए छात्रों को भारत का भविष्य व निर्माता बताया। प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल एपीएस भुल्लर, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार सहित शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# छात्र नवीन भारत के भविष्य का निर्माता है : परमार

सैनिक स्कूल पहुंचे स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री ने अपने उद्बोधन में विद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों के लिए सभी को शुभकामनायें दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अनुशासन को छात्रों व समाज के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने देश के सैनिकों व उनके परिवार वालों के त्याग व बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए छात्रों को नवीन भारत का भविष्य व निर्माता कहा। अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ विशेष सभा का समापन हुआ। इसी श्रृंखला में विद्यालय के चाणक्य हाल में मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी तथा मुख्य अतिथि ने निर्माणाधीन गर्ल्स हॉस्टल का भी अवलोकन किया।

# छात्र नवीन भारत का भविष्य और निर्माता है : परमार

**रीवा, 1 जुलाई, सैनिक स्कूल में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार पहुंचे. इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, कर्नल ए पी एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, वरिष्ठ अध्यापक , समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे.**

इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में जनार्दन मिश्रा, सांसदरीवा, राजेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री व विधायक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे. सर्व प्रथम विद्यालय की परम्परा के अनुसार मुख्य अतिथि ने सैनवा मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

तत्पश्चात मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया. विशेष सभा में सर्वप्रथम स्वागत गान के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तथा कैडेट ने मुख्य अतिथि का संछिप्त परिचय दिया. तदुपरांत प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में विद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों के लिए सभी को शुभकामनायें दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने अनुशासन को छात्रों व समाज के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने सभी को राष्ट्रिय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया. मुख्य अतिथि ने देश के सैनिकों व उनके परिवार वालों के त्याग व बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए छात्रों को नवीन भारत का भविष्य व निर्माता कहा. अंत में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया.

राष्ट्रगान के साथ विशेष सभा का समापन हुआ. इसी श्रंखला में विद्यालय के चाणक्य हाल में मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी.



सैनिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री मंत्री एवं सांसद-विधायक